an>

Title: The Minister of State in The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare and Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business during the week commencing the 28th November, 2016 and submissions made by members.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI S.S. AHLUWALIA): Hon. Madam, I make a statement regarding Government Business during the week commencing the 28$^{th}$ November, 2016.

* Government Business during the week commencing Monday, the 28$^{th}$ of November, 2016 will consist of:-

1. Consideration of any items of Government Business carried over from today's order paper: - *[ It contains Consideration and passing of (a) The Admiralty (Jurisdiction and Settlement of Maritime Claims) Bill, 2016, (b) The Mental Healthcare Bill, 2016, as passed by Rajya Sabha ]*

2. Consideration and passing of the Maternity Benefit (Amendment) Bill, 2016 as passed by Rajya Sabha.

3. Consideration and passing of the Surrogacy (Regulation) Bill, 2016.

4. Consideration and passing of the Human Immunodeficiency Virus and Acquired Immune Deficiency Syndrome (Prevention and Control) Bill, 2014, after it is passed by Rajya Sabha. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Submissions by Members.

Dr. A. Sampath – not present.

Shri Om Birla – not present.

Dr. Udit Raj

...(*Interruptions*)

**डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** महोदया, मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे लोक महत्व के निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में शामिल किया जाए:-

दिल्ली का मास्टर प्लान वर्ष 2007 में नोटिफाई हुआ था। ...(व्यवधान) 2013 में अर्बन डैवलपमैंट मिनिस्ट्री ने लैंड पूल पॉलिसी को डिक्लेयर किया और 2015 में इम्प्लीमैंटेशन करने के लिए कहा गया। हम मांग करते हैं कि लैंड पूल पॉलिसी फौरन इम्प्लीमैंट की जाए जिससे लगभग 10 बिलियन डालर का इन्वैस्टमैंट होगा। ...(व्यवधान) दिल्ली का यह एरिया नरेला, बवाना, नजफगढ़ के साइड में है जो लैंड पूल पॉलिसी में आएगा। इससे वहां के गरीब किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और हाउसिंग प्रॉब्लम, क्योंकि 2021 तक वहां 2.36 करोड़ तक पौपुलेशन होगी।...(व्यवधान)

1946 में चमार रैजिमैंट डिसकंटीन्यू हुआ। ...(व्यवधान) कहा जाता है कि जाति के नाम पर आर्मी में रैजिमैंट नहीं होना चाहिए। मैं इससे सहमत हूं। फिर राजपूत रैजिमैंट क्यों है, डोगरा रैजिमैंट क्यों है? चमार रैजिमैंट होना चाहिए, खटीक रैजिमैंट होना चाहिए, बाल्मीकि रैजिमैंट होना चाहिए, धनकर होना चाहिए।...(व्यवधान) मैं मांग करता हूं कि इन रैजिमैंटों को भी आर्मी में क्रिएट किया जाए ताकि इनकी भागीदारी हो सके।...(व्यवधान)

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के लोक महत्व के निम्नलिखित विषयों को अगले सप्ताह की कार्य सूची में शामिल किया जाए:-

1. मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर अंतर्गत आदित्यपुर सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ यहां पर स्थित छोटे-बड़े हजारों उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एकमात्र ईएसआईसी अस्पताल आदित्यपुर है।...(व्यवधान) इसमें मजदूरों के रजिस्ट्रेशनों की संख्या 1,70,000 (एक लाख सत्तर हजार) आईपी है। ...(व्यवधान) मजदूरों की संख्या को देखते हुए 150 बेड़ों की संख्या को बढ़ाते हुए 250 बेड वाले अस्पताल का निर्माण किया जाए।...(व्यवधान)

2. मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (टाटा) एक औद्योगिक क्षेत्र है। यहां पर टाटा, टिसको, उषामार्टिन, टीनप्लेट, ट्यूब इत्यादि दर्जनों बड़े उद्योग लगे हुए हैं और लगभग हजारों छोटे-मझोले उद्योगों के लगे होने के कारण प्रतिदिन देश-विदेश से लोगों को उद्योग संबंधी कार्यों से आना-जाना लगा रहता है। यहां पर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का लघु केन्द्र खोलने की कृपा की जाए।...(व्यवधान)

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) :** महोदया, देश में कोयले सहित विभिन्न कच्चे माल के परिवहन हेतु माल भाड़ा प्रभार को तर्कसंगत बनाए जाने की आवश्यकता की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा।...(व्यवधान) मैं आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि वर्तमान में कोयले का माल भाड़ा प्रभार गुजरात के पावर प्लांट में ऊर्जा उत्पादन में कुल 60 से 65 फीसदी ईंधन व्यय का कारक है जिसके चलते उत्पादित ऊर्जा की दर ऊंची रहती है।...(व्यवधान)

इसी संदर्भ में मैं केन्द्र सरकार से जानना चाहूंगा कि क्या गुजरात के पूर्वी क्षेत्र से दूरस्थ स्थित पावर प्लांटों (पश्चिमी क्षेत्र में स्थित) को कोयले सहित विभिन्न कच्चे माल के परिवहन हेतु माल भाड़ा को तर्कसंगत बनाए जाने हेतु कोई योजना है?...(व्यवधान) क्या पैसेंजर भाड़े की तर्ज पर रेलवे में माल भाड़े के लिए भी टेलिस्कोपिक फ्रेट प्रारंभ किए जाने की कोई योजना है?...(व्यवधान)

गुजरात के भावनगर जिले में गारियाधार नामक तालुका है जो मेरे संसदीय क्षेत्र में आता है, जिसकी आबादी 2 लाख है।...(व्यवधान) लेकिन आज तक वहां पर रेलवे लाइन तक नहीं बिछाई गई है जबकि नई लाइन हेतु विभाग द्वारा सर्वे कराकर पश्चिम रेलवे मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। ...(व्यवधान) पालिताना जैन धर्म का तीर्थ स्थन होने के कारण वहां लोग देश-विदेश से पर्यटक के तौर पर आते रहते हैं। महोदया, मेरी आपसे विनती है कि इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द मंजूरी प्रदान की जाए।...(व्यवधान)

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में मेरे निम्नलिखित विषयों को शामिल किया जाए।

1. गिरिडीह संयुक्त झारखंड बिहार का प्राचीन ऐतिहासिक और पर्यटक आदि महत्व का शहर है। अतः उक्त शहर को स्मार्ट सिटी शहर के रूप में शामिल करने की आवश्यकता।

2. गिरिडीह एक प्राचीन शहर है, जिसके कारण इस शहर में जनसंख्या का घनत्व अधिक होने के कारण शहर में जाम की स्थिति से उत्पन्न जनसंख्या से निपटने के लिए गिरिडीह में रिंग रोड निर्माण की आवश्यकता है। ...(व्यवधान)

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** अध्यक्ष महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में मेरे निम्नांकित दो विषयों को सम्मिलित किया जाए।

1. भारतीय राष्ट्रीय ध्वज देश के नागरिकों की आशाएं और आकांक्षाएं दर्शाता है। यह न केवल हमारे राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है बल्कि देश की प्रतिष्ठा और सम्मान का भी प्रतीक है। अतः देश के किसी क्षेत्रीय अथवा राष्ट्रीय स्तर के राजनैतिक दल के द्वारा भारतीय झंडे के मध्य में अथवा उसके किसी भी हिस्से में अपना चुनाव चिन्ह प्रदर्शित करके उसका निजी उपयोग न किए जाने से संबंधित विषय।

2. महाराष्ट्र सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को राज्य के बृहन्मुंबई में पर्जन्य जल वाहिनी प्रणाली (वाटर डिस्पोजल सिस्टम) हेतु प्रस्ताव भेजा गया था, जो ग्रेटर मुंबई से संबंधित है। केन्द्र सरकार ने एमसीजीएम को 1200 करोड़ की निधि रिलीज की है और इससे संबंधित यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट केन्द्र सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा अग्रेषित की गई संशोधित प्रकल्प राशि शीघ्र जारी किए जाने से संबंधित विषय। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सुशील कुमार सिंह - उपस्थित नहीं।

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) :** अध्यक्ष महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में मेरे निम्नांकित विषयों को शामिल किया जाए:

1. गत अनेक वर्षों से देश में बड़े पैमाने पर जो कालाधन उत्पन्न हो गया है और इस कालेधन का उपयोग भ्रष्टाचार, आतंकवादी और नक्सली गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु बड़ी मात्रा में हो रहा है। कालेधन दुष्प्रभाव रोकने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा रुपये 500 और 1000 रुपये के बड़े मूल्य के नोट को रद्द करने का जो सकारात्मक कदम उठाया गया है इस निर्णय पर चर्चा के लिए आगामी सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किया जाए।

2. संविधान की आठवीं अनुसूची में राष्ट्रीय भाषाओं के रूप में बाईस भाषाएं शामिल हैं। भाषाओं से लोगों की शिक्षा, संस्कृति तथा बौद्धिकता का विकास होता है। भाषा न केवल संचार का एक माध्यम है अपितु सम्मान का एक प्रतीक भी है। भाषा इतिहास, संस्कृति, जनता, शासन की प्रणाली, पारिस्थिति की, राजनीति आदि को भी दर्शाती है।

लम्बे समय से आठवीं अनुसूची में मान्यता के लिए कई भाषाओं की मांग की जा रही है। करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाने वाली भोजपुरी, मगही, राजस्थानी और उरांव भाषाओं के संवर्धन समेकन और सशक्तीकरण के लिए इन भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल के विषय को चर्चा के लिए आगामी सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किया जाए। ...(व्यवधान)

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** माननीय अध्यक्ष, अगले सप्ताह की कार्यसूची में मेरे निम्नांकित विषयों को शामिल किया जाए:

1. आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। उस समय हरियाणा में 1000 लड़कों के पीछे 837 लड़कियां थीं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने प्रधानमंत्री जी के इस अभियान को एक चुनौती के रूप में लिया है जिसके परिणामस्वरूप आज हरियाणा में 1000 लड़कों के पीछे 914 लड़कियों का आंकड़ा हो गया है। अब इसे कम से कम 950 तक ले जाने का संकल्प किया गया है। मैं मांग करता हूं कि हरियाणा की तर्ज पर सारे देश में यह अभियान चलाया जाए और आगामी सदन में इस विषय पर चर्चा कराई जाए।

2. मैं इस सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हरियाणा ने 1 नवम्बर को अपना स्वर्ण जयंती समारोह मनाया है। इस वर्ष में हरियाणा प्रदेश में सैकड़ों नए कार्यों की शुरूआत हुई है। हमने हरियाणा के स्वर्ण जयंती वर्ष को हरियाणा कैरोसीन मुक्त करने का संकल्प लिया है जिसकी शुरूआत केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने पानीपत में ही उज्ज्वला योजना के तहत हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी की अध्यक्षता में की है। मैं मांग करता हूं कि हरियाणा की तर्ज पर सारे देश में अभियान चलाया जाए और आगामी सदन में इस विषय पर चर्चा कराई जाए। â€¦(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब शून्य काल शुरु करेंगे क्योंकि आठ दिन से सदस्य अपने क्षेत्र की बात सदन में नहीं रख पाए हैं।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप जिस तरह से चिल्ला रहे हैं, I will not allow anybody. Now, Shri Nihal Chand.